हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

11 एमडीयू ने पिछले साल की चैंपियन सीबीएलयू...



12 स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर नगर...



## खबर संक्षेप

### बीड़ 132 केवी पावर हाउस से आज सप्लाई बंद रहेगी

**हिसार।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 4 अप्रैल को बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसी की वजह बीड़ 132 केवी पावर हाउस से टी-3 ट्रांसफार्मर की निर्धारित शटडाउन किया जाना है। इस शटडाउन के चलते हाउसिंग बोर्ड, पुलिस लाइन, आईटीआई और तलवंडी जुगलान फीडर की बिजली सप्लाई सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बंद रहेगी। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से शांति नगर, विकास नगर, बड़वाली ढाणी, पुलिस लाइन, महिला कॉलेज, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, सब्जी मंडी चौक, सैनियान मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्रों में भी असर देखने को मिलेगा।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 28 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने विद्या नगर, सेक्टर-15, पटेल नगर, अमरदीप कॉलोनी, कैमरी रोड़, सेक्टर 27-28, सातरोड़ क्षेत्र से नगर के आस-पास क्षेत्र से 28 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गोअभयारण्य भेज दिया गया है।

### मोबाइल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नंगथला गांव निवासी विनोद के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एसआाई सुमेर ने बताया कि इस संबंध में नंगथला गांव के मुकेश कुमार के घर से मोबाइल फोन, एक बिजली की प्रेस, एक हेयर ड्रायर तथा लगभग 1500 की नकदी चोरी हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की तो चोरी करने वाले की पहचान गांव के ही विनोद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बुजुर्ग का हत्यारोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ में दो युवकों द्वारा एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार मुख्य आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी और अन्य चीजें बरामद की जानी है। इसके अलावा हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपी के बारे में भी पता लगाया जाएगा। बता दें कि गांव पेटवाड़ के 85 वर्षीय रामफल की 30 मार्च की शाम को दो युवकों ने उसके साथ मारपीट की। इलाज के दौरान मंगलवार की रात को बुजुर्ग रामफल की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपित पेटवाड़ निवासी सुरेश कुमार को गांव भैणी अमीरपुर के पास से गिरफ्तार किया था।

### साइबर अपराधियों ने व्यापारी और उसके रिश्तेदार से की ठगी, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

# शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर लगाया 2.40 करोड़ का चूना

- जीजा व साला बने ठगों का शिकार, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर अपराधियों ने व्यापारी और उनके रिश्तेदार से 2.40 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर जीजा व साले को ठगी का शिकार बनाया और यह वारदात कर डाली। शहर के नागोरी गेट निवासी एवं मिर्जापुर रोड पर स्टील पाइप की दुकान चलाने वाले सन्नी बंसल ने साइबर पुलिस को शिकायत दी है। सन्नी ने शिकायत में बताया कि करीब एक महीने पहले उन्हें अज्ञात व्यक्तियों ने दो व्हाट्सएप ग्रुपों में जोड़ा था। इन ग्रुपों में निवेश के जरिए भारी कमाई के दावों से प्रभावित होकर सन्नी ने अपने जीजा सतीश कुमार को भी इसमें शामिल कर लिया। डॉ. राजीव सिंह, मीना और खुशी नाम के व्यक्तियों ने उन्हें एक विदेशी ट्रेडिंग एप 'मार्क सीएम' डाउनलोड करने का लिंक भेजा, जिसे ठगों ने भारत और अमेरिका में लाइसेंस प्राप्त बताया था।

दोनों के खातों में एप पर लगातार बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाया जाता रहा, जिससे उन्हें यकीन हो गया कि उनका निवेश सुरक्षित है और तेजी से बढ़ रहा है लेकिन जब उन्होंने अपने पैसे निकालने की कोशिश की, तो एप से निकासी नहीं हो सकी। इस पर आरोपियों ने नए बहाने बनाकर और अधिक पैसे जमा कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। साथ ही उनके अकाउंट में अचानक नुकसान दिखाना शुरू कर दिया गया। स्थिति संदिग्ध लगने पर सन्नी और सतीश कुमार को एहसास हुआ कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। इसके बाद उन्होंने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीसीआरपी) पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में मामला सही पाए जाने पर साइबर क्राइम थाना हिसार में केस दर्ज कर के जांच शुरू कर दी है।

#### व्हाट्सएप ग्रुप में मुनाफे के स्क्रीनशॉट और मैसेज डाल झांसे में लिया

सन्नी बंसल ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में लगातार शेयर ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने के स्क्रीनशॉट और मैसेज डाले जा रहे थे, जिससे विश्वास पैदा हुआ। इसके बाद आरोपियों ने सीधे संपर्क कर खुद को विशेषज्ञ बताकर निवेश करने की सलाह दी। सन्नी बंसल और उनके जीजा सतीश कुमार को लिंक के जरिए एक एप डाउनलोड करवाई गई। एप में आईडी बनाने के बाद शुरुआती निवेश पर कुछ ही दिनों में भारी मुनाफा दिखाया गया, जिससे दोनों का भरोसा पूरी तरह बन गया। इसके बाद ठगों ने आईपीओ में निवेश का नया लालच दिया और सीएमपीडीआई के नाम पर पैसे लगाने को कहा। निवेश के लिए अलग-अलग बैंक खातों के नंबर भेजे गए, जिनमें फेडरल बैंक और यस बैंक के खाते भी शामिल थे। सन्नी बंसल ने अपने एचडीएफसी बैंक खाते से 12 मार्च से 30 मार्च के बीच अलग-अलग किश्तों में 50 हजार, दो लाख, दो लाख, 27 .50 लाख और 10 लाख रुपये सहित कुल करीब 43 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसी तरह उसके जीजा सतीश कुमार ने भी विभिन्न बैंक खातों से करीब 1.97 करोड़ रुपए आरटीजीएस के माध्यम से भेज दिए।

#### सैलरी कैलकुलेटर से जुड़े फर्जी लिंक भेजकर की जा रही ठगी

- हांसी के एसपी विनोद कुमार ने साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए जारी की एडवाइजरी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा आमजन को साइबर ठगी के नए तरीकों से सतर्क रहने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की गई है। हाल ही में 8वें वेतन आयोग को लेकर सैलरी कैलकुलेटर और वेतन बढ़ोतरी से जुड़े फर्जी लिंक व एप के माध्यम से साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर ठग व्हाट्सएप, टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आकर्षक मैसेज, लिंक या एपीके फाइल भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इन फाइलों को डाउनलोड या इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल में मालवेयर सक्रिय हो जाता है, जिससे ठग मोबाइल का एक्सेस लेकर बैंकिंग ऐप, ओटीपी, पासवर्ड व अन्य संवेदनशील जानकारी चोरी कर लेते हैं और उनके खाते से रुपये निकाल लेते हैं।

### नाराजगी: आजाद नगर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद व अफसरों पर जड़े ध्यान न देने के आरोप

# गलियों में बह रहा सीवर का पानी आजाद नगर के लोग घरों में 'कैद'

अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर क्षेत्र की बदहाल सड़कों और जल निकासी की समस्या का समाधान न होने के रोषस्वरूप लघु सचिवालय के बाहर धरना देकर नारेबाजी की। क्षेत्रवासी कई दिनों से अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करवा रहे थे कि गंदा पानी गलियों में बह रहा है और वे घरों में कैद होकर रह गए हैं। लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंगी। शुक्रवार को जब क्षेत्रवासी एकत्रित होकर लघु सचिवालय के सामने डेरा डालकर बैठे गए तो जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दौड़े और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें मनाया। अधिकारियों ने लोगों को समस्या का हल करने पहुंची विभाग की टीमों की लाइव वीडियो दिखाई तब जाकर लोगों को गुस्सा शांत हुआ।

किसान संघर्ष समिति, हरियाणा के बैनर तले आजाद नगर क्षेत्र के निवासियों ने लघु सचिवालय के समक्ष पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। काफी देर नारेबाजी के बाद भी जब कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तो लोगों ने लघु सचिवालय के बाहर डेरा डालने का ऐलान कर दिया। लोगों का इतना कहना था कि अधिकारियों के हाथ-पैर फूल गए और वे मौके पर दौड़े दौड़े आए। मौके पर पहुंचे एसडीओ संजय ने क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उन्हें मनाने का प्रयास किया लेकिन उनका कहना था कि वे लंबे समय से समस्याओं से जूझ रहे हैं, इतने दिन अफसर कहां थे। लोगों का रौद्र रूप देखकर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सफाई देते नजर आए।






हिसार। आजाद क्षेत्र की गलियों में खड़ा सीवरेज का पानी तथा प्रदर्शन करते आजाद नगर क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

#### फिसलकर महिला गिरी, टूटा हाथ

इस दौरान पगड़ी संभाल जट्टा हिसार की सदस्य किरण शर्मा ने बताया कि गलियों में करीब 6 महीने से पानी भरा हुआ है, पार्षद गुलाब सिंह ध्यान नहीं दे रहा। हम पब्लिक हेल्थ में भी एक-दो बार गए हैं मगर हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ। आजाद नगर कम्यूनिटी सेंटर में रहने वाली कृष्णा देवी ने बताया कि गली में पानी भरा है। स्कूल में बच्चों को छोड़ने जाते वक्त गंदे पानी से बचकर चलते समय फिसलकर वह गिर गईं, इसके कारण उनके हाथ में फ्रैक्चर आ गया है।

#### जलभराव से मच्छरों को प्रकोप बढ़ा

लोगों ने बताया कि रुके हुए पानी की वजह से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। गंदा पानी जमा होने के कारण वाहन चालकों और पैदल चलने वालों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। कई बार बच्चे इन गड्ढों के कारण चोटिल भी हो चुके हैं।

#### बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे

इस अवसर पर उपायुक्त के नाम मांग पत्र सौंपने वालों में किरण शर्मा, सुमित्रा, उमा, शर्मीला, विद्या, संतोष, विमला और अन्य स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मोहल्ले के लोगों ने स्पष्ट किया है कि यदि मुख्य सड़क और जल निकासी का प्रबंध जल्द नहीं किया गया, तो वे आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### लगातार पानी जमा रहने से सड़कें टूटीं

अमर एन्क्लेव और आजाद नगर की गली नंबर 23, 24, 25, 26 और मकान नंबर 4 से लेकर 119 तक की सड़कें लंबे समय से टूटी हुई हैं। सड़कों पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। वर्तमान में जल निकासी न होने के कारण सामान्य दिनों में भी सड़कों पर गंदा पानी जमा रहता है।

### कैदी वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर



**हांसी।** जींद रोड स्थित शेखपुरा गांव के समीप गुरुवार शाम को पुलिस के कैदी वाहन और एक बाइक सवार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए तथा बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु नागरिक उसे पहले अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाधा रोड़ निवासी 28 वर्षीय राहुल शहर में बिजली की दुकान और एसी रिपेयरिंग का कार्य करता है, और वह गुरुवार दोपहर एसी रिपेयरिंग के लिए शेखपुरा गांव गया था और काम समाप्त होने के बाद जब वह अपनी बाइक पर सवार होकर वापस हांसी लौट रहा था और जैसे ही शेखपुरा गांव से जींद रोड पर आया तो जींद से हांसी की ओर जा रही पुलिस कैदी वाहन ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय राहुल की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और राहुल बाइक से उछल कर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे हिसार रेफर कर दिया।

लेकिन परिजनों ने उसे हांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों के अनुसार, राहुल के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

### बरवाला का विकास करता था महिला तस्करों को हेरोइन सप्लाई, गिरफ्तार

- हेरोइन के साथ पकड़ी गई थी नरवाना के गढ़ी निवासी बिमला उर्फ प्रीतो व कमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस की एएनसी टीम ने हाल में पकड़ी गई दो महिला नशा तस्करों को नशा सप्लाई करने वाले सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बरवाला के वार्ड 2 निवासी विकास के रूप में हुई है। पुलिस के एएससी स्टाफ प्रभारी इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बरवाला के वार्ड नंबर 14 से दो महिलाओं को काबू किया था। आरोपियों की पहचान नरवाना तहसील के गांव गढ़ी निवासी बिमला उर्फ प्रीतो व कमला रूप में हुई थी। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी बिमला के कब्जे से 07.46 ग्राम व आरोपी कमला के कब्जे से 03.57 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद की थी। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में संलिप्त रही हैं तथा नशीला पदार्थ बेचने का कार्य करती थीं। पुलिस ने दोनों महिला आरोपी को नशा सप्लाई करने वाले आरोपी बरवाला के वार्ड 2 निवासी विकास से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई बिमला फिलहाल न्यायिक हिरासत में है जबकि दूसरी महिला आरोपी कमला की जमानत मंजूरी हो गई है। जांच में यह भी पाया गया है कि आरोपी विकास के खिलाफ पहले भी लड़ाई-झगड़े के दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी विकास से पूछताछ में पुलिस टीम को 2000 रुपये नगद बरामद हुए है। विकास को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### निगम की टीम ने बाजारों व मुख्य मार्गों से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टैण्ड से ऋषि नगर रोड से अतिक्रमण हटाया गया।

इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटवाते समय रेहड़ी संचालकों का सामान भी जब्त किया। इसके बाद बिश्नोई मंदिर मार्केट, पुल तेलियान, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट, रेड स्क्वेयर मार्केट, डाकघर व टेलीफोन एक्सचेंज के सामने से अतिक्रमण हटाया गया।

### ग्रामीण बोले- ठेका हटवाने के लिए सीएम से मिलेंगे

# बाड्या ब्राह्मण शराब ठेके से महिलाएं व छात्राएं परेशान, हटाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। ठेका हटाने की मांग को लेकर हुई बैठक में उपस्थित ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

समीपवर्ती गांव बाड्या ब्राह्मण में शराब के ठेके कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने फैसला लिया है कि शराब ठेका हटाने की मांग पर पुलिस महानिरीक्षक, हिसार के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को अपनी शिकायत देंगे। अगर इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

बाड्या ब्राहमण के लडकियों के सरकारी स्कूल में सात गांव की लड़कियां स्कूल में पढ़ने के लिए आती है और गांव की लड़कियां मेन बस अड्डे के पास बसों में स्कूल में आती जाती है। ग्रामीणों के अनुसार शराब का ठेका सार्वजनिक स्थल से नजदीक है जबकि ठेका 500 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। गांव के स्कूल में बूरा, बाड्या, जाटान, हरीता, बाडया, बाहमण, डाया, हरिता, बूरा दुबेटा गांव की सैकड़ों लड़कियां स्कूल में आती है। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र से महिलाएं गुजरती है। शराब ठेके के पास शराब पीने वाले नशा करने वाले तत्व महिलाओं पर टिप्पणी कसते है जिसके कारण गांव की महिलाएं काफी परेशान हैं। महिलाओं की ग्रामीणों की मांग है यहां से शराब का ठेका हटाया जाना चाहिए। ग्रामीणों की प्रशासन से मांग है कि बाड्यां ब्राहमण का शराब ठेका हटाया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले को लेकर एडीजीपी हिसार, उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को अपनी शिकायत देंगे। अगर इसके बावजूद कोई सुनवाई नही हुई तो मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। इस बारे में ग्रामीणों की बैठक भी हुई है। बैठक में सरपंच राजबीर, पूर्व सरपंच विजय कुमार, संजय नबरदार, समाजसेवी स्वर्ण वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम: 'अक्षरम् 2026' का भव्य आगाज, संगीत निर्देशक अनु मलिक के सुर से सजी शाम

# तुम आये तो आया मुझे याद... जीजेयू में आज चांद निकला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महाकुंभ 'अक्षरम् 2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रदर्शनी और स्वदेशी मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संगीत निर्देशक अनु मलिक तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के दौरान अनु मलिक ने 'अक्षरम्' पर आधारित अपने स्वरचित गीत का भी विमोचन किया।विश्व विख्यात संगीतकार अनु मलिक ने अपने लोकप्रिय गीतों से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनके साथ रचनात्मक संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर की हरियाली और पर्यावरण के प्रति समर्पण ने उन्हें बेहद प्रभावित किया है। उन्होंने गुरु जम्भेश्वर जी के सिद्धांतों का पालन करने की अपील करते हुए इसे बेहतर जीवनशैली का आधार बताया। संवाद सत्र के दौरान अनु मलिक ने विद्यार्थियों से तीन शब्द बताने को कहा, जिस पर छात्रों ने 'आग, चाय, मोहब्बत' जैसे शब्द दिए। इन शब्दों पर उन्होंने तुरंत गीत रचकर सुनाया, जिससे पूरा सभागार उत्साह से झूम उठा। न्यूज एंकर नमिता सचदेव के साथ परिचर्चा में उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, वे अपनी मेहनत पर भरोसा रखें। उन्होंने उन्हें यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म से अपनी प्रतिभा निखारने और दुनिया के सामने लाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संगीत और साहित्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले सशक्त माध्यम हैं। 'अक्षरम् 2026' जैसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का वैश्विक मंच प्रदान करते हैं। अनु मलिक ने कैंपस के ऊर्जावान वातावरण की प्रशंसा कर इसे कला व शिक्षा का अद्भुत संगम बताया।

#### सांस्कृतिक मूल्यों और स्वदेशी का संगम

ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। स्वदेशी मेला और ऐतिहासिक प्रदर्शनी हमारे गौरवशाली अतीत और आत्मनिर्भर भविष्य का सेतु हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए भव्य प्रबंधन की सराहना की।

#### विद्यार्थियों को साहित्य व संस्कृति से जोड़ना विश्वविद्यालय का उद्देश्य

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस साहित्य उत्सव की भव्यता देखते हुए विश्वविद्यालय हर साल इसका आयोजन करेगा। उन्होंने अनु मलिक, डॉ. कमल गुप्ता व अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त कर कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर उन्हें राष्ट्र की संस्कृति और साहित्य से जोड़ना है। 'अक्षरम् 2026' इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संगठन मंत्री मनोज कुमार, और 'पाञ्चजन्य' के संपादक हितेश शंकर शामिल रहें। साथ ही सुपवा, रोहतक के कुलपति डॉ. अमित आर्य और राजेश, स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक अश्विनी महाजन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मोठ करनैल गांव के घर में अचानक लगी आग, सामान जलकर राख

**नारनौंद।** गांव मोठ करनैल के एक घर में अज्ञात परिस्थितियों में आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आज को बुझाया लेकिन तब तक घर का सामान और घर जलकर राख हो चुका था। पीड़ित परिवार में सरकार से सहायता की मांग की है। गांव मोठ करनैल निवासी रामहेर ने बताया कि करीब एक साल पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शुक्रवार को वह मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ था। घर पर अचानक आग लग गई। घर से धुआं निकलता हुआ पड़ोसियों ने देखा और फोन करके मुझे बताया। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी दी गई। तुरंत ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर का सारा सामान फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, इनवर्टर, घर में रखे कपड़े और बिस्तर सहित पूरा घर जलकर राख हो चुका था। घर में रखे नकदी और सोने के आभूषण भी आग की चपेट में आ गए। उसके दो लड़के है जोकि पढ़ते हैं। घर में कमाने वाला वही है। अब तो दो वक्त की रोटी के भी लाले पड़ गए। घर के सदस्यों के पास सिर्फ एक जोड़ी कपड़े ही बचे हैं जो हमने पहन रखे थे। सरकार से मांग है कि उसकी आर्थिक सहायता की जाए ताकि उसके परिवार का पालन पोषण हो सके।





## खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



### जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



### एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तेमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



### सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



### धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



### पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

### कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड़स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

### अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

### इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

#### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




#### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

#### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

#### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

## बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

#### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

### दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



#### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

#### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

#### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

#### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

## खबर संक्षेप

### मॉडल संस्कृति स्कूल में आर्चरी के ट्रायल आज

**हांसी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी को खेल विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय को आर्चरी की खेल नर्सरी आवंटित की गई हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या राजेश भडाना ने बताया कि आर्चरी खेल नर्सरी के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन के लिए 4 अप्रैल को विद्यालय के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल के दौरान संबंधित खेलों के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो खिलाड़ियों की खेल क्षमता एवं प्रदर्शन के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यालय को खेल नर्सरी मिलने से क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है।

### पंजाब से खेला दड़ौली का नरेश, जीता कांस्य

**हिसार।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित प्रथम पैरा नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली पंजाब की टीम के खिलाड़ी हिसार के दड़ौली गांव निवासी नरेश जांगड़ा का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच मनोज कुमार के अलावा सेवनिवृत्त सैन्य अधिकारी सज्जन गोदारा उपस्थित थे। उन्होंने नरेश जांगड़ा की उपलब्धि पर उसको बधाई दी और कहा कि नरेश जांगड़ा ने पंजाब की तरफ खेलते हुए हरियाणा के गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने मांग की है कि हरियाणा सरकार को नरेश जांगड़ा को इस उपलब्धि पर सम्मानित करना चाहिए ताकि वह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर सके।

### श्री बालाजी जन्मोत्सव संग श्री श्याम महोत्सव मनाया

**बरवाला।** श्री श्याम भंडारा मंडल बरवाला के तत्वावधान में टैक्सी स्टैंड पर श्री बालाजी जन्मोत्सव संग श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रधान सुशील गोयल और सचिव संजय गोयल ने बताया कि इस महोत्सव में आमंत्रित अतिथि के रूप में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुरेश गोयल और समाजसेवी मुकेश मित्तल तथा समाजसेवी विनोद मित्तल ने शिरकत की और गरिमामयी उपस्थिति नगरपरिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला और जिला उपाध्यक्ष मुनीष गोयल की रही। मंच संचालन श्री भगवान दीक्षित ने किया। इस महोत्सव में बाहर से आए भजन कलाकारों समस्तीपुर से रेशमी शर्मा और जयपुर से आयुष सोमानी तथा सिरसा से परी वंश सिस्टर्स ने अपने-अपने मधुर कंठ से श्री बालाजी और श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया।

### हनुमान जन्मोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**उकलाना।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पुरानी मंडी स्थित बालाजी धाम में प्रातःकाल से ही श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश बंसल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थापित प्रतिमा का लोकार्पण किया और सभी श्रद्धालुओं को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। मंदिर कमेटी के प्रधान संजय वर्मा, सुरेंद्र गोयल सहित संपूर्ण कमेटी के सहयोग से भव्य भंडारे का सफल आयोजन किया गया।

### उत्तम नगर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**हांसी।** नगर परिषद हांसी द्वारा वार्ड नंबर 20, उत्तम नगर में शुक्रवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए गलियों, सड़कों व सार्वजनिक स्थलों की समुचित सफाई सुनिश्चित की गई। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की टीमों ने नालियों की सफाई, कूड़े-कचरे का उठान तथा सड़कों पर जमा गंदगी को हटाने का कार्य किया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नागरिकों को भी जागरूक किया गया।

## अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी में बड़ा उलटफेर

# एमडीयू ने पिछले साल की चैंपियन सीबीएलयू को हराया

**मेजबान गुजवि की टीम ने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई सोनीपत को 20-4 से दी शिकस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में चल रही अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी (महिला) एवं (पुरुष) प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों में भारी उत्साह रहा। शुक्रवार को दो लीग मैच खेले गए, जिनमें पहले लीग मैच में पूल बी में एमडीयू रोहतक ने पिछले साल की विजेता टीम सीबीएलयू भिवानी को हराकर उलटफेर करते हुए क्वालिफाई किया। पूल सी में सीआरएसयू जींद विश्वविद्यालय ने मारवाड़ी यूनिवर्सिटी राजकोट गुजरात को हराया। पूल डी में गुजवि व स्पोर्टस यूनिवर्सिटी राई सोनीपत की टीम के बीच मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में गुजवि की टीम ने स्पोर्टस यूनिवर्सिटी राई सोनीपत को 20-4 से हराकर जीत हासिल की। आयोजन सचिव एवं खेल निदेशक डा. शशि भूषण लूथरा ने बताया कि चार टीमें तीन-तीन लीग मैच खेलेंगी, जिनमें से चार लीग मैच शनिवार को होंगे। लीग मैच के अंकों के आधार पर टीम की पोजीशन निर्धारित की जाएगी।



**हिसार।** अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय सर्कल स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### हर व्यक्ति खेल गतिविधि में अवश्य भाग ले

इससे पूर्व प्रथम सत्र में हुई खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा ने किया। मुख्यातिथि प्रो. संदीप राणा ने इस अवसर पर खिलाड़ियों का परिचय लिया तथा अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को किसी न किसी खेल गतिविधि में अवश्य भाग लेना चाहिए। इस सत्र के समापन समारोह में खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। दूसरे सत्र की खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मास्टर्स में इंडिया नम्बर वन रैंकिंग रखने वाले अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश कोहली ने किया। इस सत्र के समापन समारोह में अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी सीता राम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। गुजवि गैरशिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के पूर्व प्रधान विपिन वधवा ने एक सत्र का उद्घाटन किया तथा पूर्व महासचिव पुनीत खुराना समापन समारोह के मुख्यातिथि थे।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक मृणालिनी नेहरा, ए.आई.यू. आब्जवर डा. शकुंतला बैनीवाल, डा. एस.एस.जोशी, डा. बलजीत गिरधर, इंजीनियर सुनील ग्रोवर, प्रो. सुजाता सांधी, डा. सुनैना सहित खेल विभाग से उप-निदेशक गंगादत्त यादव, ओ.पी. भादू, सुरेश कुमार एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**हिसार।** ट्रायल में हिस्सा लेते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### लाडवा में 140 ने दिया खेल नर्सरी का ट्रायल

**हिसार।** ग्राम पंचायत लाडवा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा में खेल विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत हैंडबॉल एवं कबड्डी खेल नर्सरी के लिए ट्रायल सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। सरपंच रामफल पूनिया ने बताया कि हैंडबॉल (लड़कियों) में 40 खिलाड़ियों तथा कबड्डी (लड़कों) में 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल का संचालन हैंडबॉल कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया तथा कबड्डी कोच राहुल लांबा द्वारा किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने ट्रायल में पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की क्षमता और फिटनेस को परखने के लिए फ्लाइंग रेस, शटल रन, बैंड एंड रीच, मेडिसिन बॉल, 800 मीटर दौड़, वर्टिकल जंप व स्टैंडिंग ब्रॉड जंप जैसे परीक्षण कराए गए। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल फूलवती लांबा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर आयोजित ट्रायल में 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया तथा 10 खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को खेल नर्सरी में बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे भविष्य में राज्य व देश का नाम रोशन कर सकें।

## एसडीएम के आदेशों पर प्रेम नगर को नहीं मिली समस्याओं से मुक्ति



**हांसी।** रेलवे पुल के साथ जमा सीवरेज का गंदा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

- एसडीएम ने गांव का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए थे समस्याओं के समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांव प्रेम नगर रेलवे पुल के आसपास की सार्वजनिक समस्याओं के बारे में एसडीएम राजेश खोथ को अवगत करवाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। प्रशासन के तरफ से समस्याओं को दूर करने के मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। बता दें जन सहयोग मंच के प्रधान विनोद कलिया की अध्यक्षता में प्रेम नगर रेलवे पुल के आसपास की सार्वजनिक समस्याओं बारे अवगत करवाया था। प्रधान विनोद कलिया ने कहा कि एसडीएम राजेश खोथ द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। जन सहयोग मंच सचिव सुनील मजोका ने बताया कि एसडीएम खोथ के प्रेम नगर गांव का दौरा करने के बाद रेलवे पुल पर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी लेकिन वे स्ट्रीट लाइट केवल तीन चार दिन जलने के बाद बंद हो गई।

### आदेशों के बावजूद नहीं बनाया स्पीड ब्रेकर

मजोका ने बताया कि एसडीएम खोथ ने बीएंडआर के अधिकारियों को रेलवे पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने के आदेश दिए थे लेकिन उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा एसडीएम के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने पंचायती राज अधिकारियों को नाले की दो दिन के अंदर सफाई करवाने के निर्देश दिए थे लेकिन अधिकारियों द्वारा आज तक भी नाले की सफाई नहीं करवाई गई। रेलवे पुल के साथ जमा बरसाती पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया। रेलवे पुल के साथ सीवर का गंदा पानी जमा है। प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार मजोका, विनोद कलिया, कमल भाटिया, देवांश मलिक, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।



हांसी। हवन यज्ञ में आहुति डालते स्कूल चेयरमैन राजपाल यादव व अन्य।

### प्रणामी स्कूल में हवन-यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र शुरू

**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में हवन-यज्ञ, मंत्रोच्चारण एवं विद्या की देवी सरस्वती मां की आराधना के साथ नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत की गई। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को सर्वांगीण और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कक्षा छठी से 12वीं के विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र में ही स्कूल में क्लैट एनडीए, सीए फाउंडेशन, आईआईटी जेईई व नीट आदि की भी तैयारी करवाई जाएगी, जिससे बच्चों को बेहतर दिशा और नए अकादमिक सत्र में विभिन्न प्रकार सहायता मिल सके। इस अवसर पर स्कूल अध्यक्ष राजपाल यादव, उनकी धर्मपत्नी जगमति यादव, प्राचार्य अनिल कुमार, मुख्याध्यापिका पिंकी यादव व सचिव सत्यवान यादव आदि थे।

## कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी होना अच्छे संकेत नहीं : कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

सिरसा से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी होना अच्छे संकेत नहीं हैं। इसके लिए सरकार को व्यापक स्तर पर शोध करने की जरूरत है कि आखिर कैंसर क्यों बढ़ रहा है। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा शुक्रवार को गुलशन भंगू के पिता लखविंदर सिंह भंगू के निधन पर शोक व्यक्त करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। सैलजा कहा कि इलाज के लिए अस्पतालों की आवश्यकता तो है ही, लेकिन यह भी जरूरी है कि बीमारी के मूल कारणों का पता लगाया जाए। आज नहरों और जमीन का पानी क्यों खराब हो रहा है, क्या उसमें किसी प्रकार के केमिकल मौजूद हैं या अन्य कोई कारण है, इस पर सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज ऐसा कोई घर-परिवार नजर नहीं आ रहा, जहां कैंसर के मामले सामने न आ रहे हों, इसलिए समय रहते इस विषय पर शोध कर समाधान निकालना जरूरी है। अंडरपास के मुद्दे पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह मामला भी उन्होंने लोकसभा में उठाया है और रेल मंत्री से इस पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर सरदार गुरमुख सिंह भंगू, एयर मार्शल परमजीत सिंह भंगू, चंद्रहर्ष, राजेश भुटानी, लाल बहादुर खोवाल, करण सिंह नैन आदि मौजूद थे।



**उकलाना।** शोक जताने पहुंची सांसद कुमारी सैलजा।



### जितनी भी श्वास मिली हैं उनको परमात्मा के सिमरण में उपयोग करें : स्वामी सत्यानन्द

**हिसार।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्त्वावधान में स्थानीय गोयंका सेवा सदन देवी भवन के प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के चतुर्थ दिवस भगवान श्री राम के जयकारों में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सत्संग को सुना। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने सत्संग की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए व तर्क देते हुए बताया कि भगवान की कृपा से जितनी भी स्वांस मिली हैं उनको सही प्रकार से उपयोग में लाना चाहिए। किसी गरीब का सहारा बनें, गोसेवा करे, योग्य व्यक्ति को दान देकर सहयोगी बनें, सबके हित की सोचें।वृक्ष लगाएं, पर्यावरण बचाए, । जल का उचित प्रयोग करके जल संरक्षण करें। बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा देकर योग्य नागरिक बनाएं।



### माता-पिता को सर्वोपरि मानें: कृष्ण शरण शास्त्री

**हिसार।** भारत माता मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था व निष्ठा से हिस्सा लिया। वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री महाराज ने शिवकथा के पांचवें दिन प्रथम पूज्य गणेश के विवाह प्रसंग से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण के अनुसार गणेश का विवाह रिद्धि और सिद्धि से हुआ था। यह विवाह ब्रह्मा के माध्यम से तय हुआ और रिद्धि-सिद्धि के साथ विवाह के बाद गणेश के घर शुभ और लाभ दो पुत्रों का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि गणेश ने हमेशा अपने पिता भगवान शिव और माता पार्वती को सर्वोपरि माना। इसलिए जब ब्रह्मांड की परिक्रमा की बात उठी तो गणेश ने अपने माता-पिता को अपना पूरा संसार मानते हुए उनकी परिक्रमा कर ली। कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री महाराज ने गणेश के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### हनुमान की कृपा के बिना न कोई रामायण का पाठ कर सकता है, न ही सुन सकता है : आसोपा

**हिसार।** श्रीहरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में शुक्रवार को पं. गिरधर गोपाल आसोपा व पं. सुशील आसोपा जोधपुर वालों के सान्निध्य में संगीतमय श्रीरामचरितमानस के नवाह्नपारायण रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पं. गिरधर गोपाल आसोपा ने बताया कि श्रीरामायण का पाठ करना, कराना तथा सुनना बहुत ही शुभदायक व कल्याणकारी होता है। हनुमानजी की कृपा के बिना न तो कोई व्यक्ति रामायण का पाठ कर सकता है, न कोई करा सकता है और न ही सुन सकता है। पं. गिरधर गोपाल आसोपा व पं. सुशील आसोपा से संगीतमयी पाठ के प्रथम दिवस मंगलाचरण, गुरु महिमा, श्रीराम, भरतजी, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, माता जानकी, सती का मोह, उमा शंभु संवाद, नारद की भविष्यवाणी, शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

### किसानों को कीटनाशकों एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन को अपनाना चाहिए



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से किसानों को नवीनतम उन्नत तकनीकों, उन्नत किस्म के बीजों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा शोध कार्यों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग की ओर से मृदा व पोषक तत्वों के प्रबंधन एवं अनुसूचित जाति उप योजना के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए खेत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मृदा विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर ने की। डॉ. दिनेश तोमर ने अपने संबोधन में बताया कि किसान विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई उन्नत किस्मों का चयन करके वैज्ञानिक विधि के अनुसार खेती करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के दृष्टिगत किसानों को कीटनाशकों एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन को अपनाना चाहिए ताकि दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### जनगणना को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश

**हिसार।** जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित जिला सूचना अधिकारी कार्यालय के वीसी सभागार में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश हरिराम द्वारा की गई। बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए नगराधीश ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके लिए आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें। इसके अलावा स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ एफएम रेडियो और आकाशवाणी के माध्यम से भी जनसाधारण तक जनगणना से संबंधित जानकारी पहुंचाई जाए।



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित नगराधीश हरिराम व अन्य।

### तिरुपति धाम में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**हिसार।** तिरुपति बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तिरुपति धाम के अर्चकों ने पूरे विधि-विधान से महाभिषेक करके पूजा-अर्चना की और फिर भव्य श्रृंगार आरती करते हुए जनकल्याण की कामना की गई। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं में तीर्थ-गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित प्रसिद्ध तिरुपति धाम में हनुमान जन्मोत्सव के लिए हनुमान मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। तिरुपति धाम में 71 फुट ऊंचे गोपुरम के ठीक सामने हनुमान का मंदिर स्थापित किया गया है। भगवान वेंकटेश, पद्मावती माता व गोदांबा माता के मंदिरों की भांति हनुमान के मंदिर के प्रति भी श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। दक्षिण भारत से लाए गए ग्रेनाइट से निर्मित इस मंदिर की अलग ही आभा है। हनुमान जन्मोत्सव पर अपने इष्ट की आराधना करने के लिए तिरुपति धाम में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे।

## श्रीकृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल की भागवत कथा का अंतिम दिन

# मित्रता कभी अमीरी-गरीबी नहीं देखती : स्वामी राजदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रीकृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल, मिल गेट के तत्वाधान में अटल चौक, कैप्टन आर.सी. स्कूल रोड पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन भागवत वाचस्पति श्रीश्री 108 स्वामी राजदास महाराज (कैमरी आश्रम) ने कृष्ण-सुदामा व राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि गरीब सुदामा जब अपने बचपन के मित्र कृष्ण से मिलने महल में जाते हैं तो कृष्ण दौड़ते हुए अपने महल के 12 दरवाजों को पार करते हुए बाहर आते हैं और अपने गरीब मित्र सुदामा को गले लगा लेते हैं। स्वामी राजदास महाराज ने कहा कि मित्रता कभी अमीरी-गरीबी नहीं देखती। आजकल केवल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। कृष्ण ने सुदामा की पत्नी द्वारा दिए गए कच्चे चावल को बड़े चाव से खाया। जब सुदामा की व्यथा सुनीं तो कृष्ण भगवान ने उसे मालामाल कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त का सदैव मान रखते हैं। भगवान के दर्शन करने जाने पर कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। कथा के दौरान निकाली गई झांकी के अवसर पर गाए गए भजन अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो तथा तेरी बांकी अदाओं पे मैं वारी जाऊं... मेरे बांके बिहारी पर श्रद्धालु झूम उठे। अंत में परीक्षित मोक्ष प्रसंग सुनाकर कथा का समापन किया गया।

समापन अवसर पर कथा में सहयोग देने वाले सेवादारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कथा में साध्वी सुरभि महाराज, सीताराम, संजू जोशी, राकेश प्रधान, मोंटी, सुदेश, प्रवीण, रश्मि, कमला जांगड़ा सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।





**हिसार।** भागवत कथा में प्रवचन देते स्वामी राजदास महाराज व उपस्थित श्रद्धालु।

### परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता व सुरक्षा की जानकारी दी

**हिसार।** भारत सरकार के उपक्रम न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा चलाए जा रहे 'एटम ऑन व्हील्स' जनजागरूकता अभियान के द्वितीय चरण का हरियाणा में सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अभियान की शुरुआत 6 जनवरी 2026 को गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना के परियोजना निदेशक सत्यजीत रथ द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई थी। चलित प्रदर्शनी के माध्यम से फतेहाबाद और हिसार जिलों के 140 गांवों में लगभग 46 हजार से अधिक लोगों को परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता, सुरक्षा और व्यवहारिकता के बारे में जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन में न्यूक्लियर पावर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। स्थानीय सरपंचों, तहसीलदारों और स्कूल प्रधानाचार्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में परमाणु ऊर्जा परियोजना क्षेत्र के विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### अवैध देसी शराब की 36 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** किला बाजार चौकी पुलिस ने अवैध देसी शराब की 36 बोतल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान किला बाजार निवासी अजय जैन के रूप में हुई है।

**सूचना**

हम, सतीश कुमार पुत्र श्री रामकिशन व रेखा पत्नी श्री सतीश निवासी महावीर कॉलोनी, पालिका विहार, वार्ड नं. 8, हिसार बयान करते हैं कि हमारी पुत्री अंशु हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**बरवाला।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के निर्देशानुसार थर्मल खेदड़ यूनिट द्वारा एमडी एचपीजीसीएल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए लगातार नौवें दिन एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट वरिष्ठ उपप्रधान शिवकुमार ने की और संचालन सचिव सुरेश सैनी ने किया। इन प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट उपप्रधान शिव कुमार ने कहा कि एमडी एचपीजीसीएल जानबूझकर कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रहे हैं। इस मौके पर उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, सचिव सुरेश सैनी, सहसचिव दीपक, वित्त सचिव रवि प्रकाश, अरुण, सुदेश यादव, इंद्रपाल गोदारा, सुरेंद्र शर्मा व जयपाल गुलिया आदि थे।

### 'ध्यान का विज्ञान' मेडिटेशन कैंप 10 से

**हिसार।** जीवन जीने की कला सिखाने और ध्यान, प्रेम व ओंकार को समझाने के लिए 10 से 12 अप्रैल तक तीन दिवसीय मेडिटेशन कैंप लगेगा। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में लगने वाले ध्यान का विज्ञान तीन दिवसीय शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। इस शिविर में पंजाब से आचार्य शेखर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इनके साथ ही स्वामी संजय व मां सांची भी विभिन्न सत्रों में ध्यान के महत्व को स्पष्ट करेंगे। मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ओशो ध्यान उपवन में 10 व 11 अप्रैल को कैंप प्रातः 8 बजे शुरू होगा और सायं 6 बजे तक जारी रहेगा। 12 अप्रैल को मेडिटेशन कैंप की शुरुआत प्रातः 8 बजे ही होगी और दोपहर 2 बजे समापन होगा। उन्होंने बताया कि ध्यान का विज्ञान मेडिटेशन कैंप में साधक खुशनुमा जीवन जीने की कला सीखेंगे।

### सुखमणी साहिब के पाठ के साथ नया सत्र शुरू

**हिसार।** गुरु नानक देव सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन के नए सत्र का शुभारंभ सुखमणी साहिब के पाठ से किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान और सदस्यों ने एक साथ पाठ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्कूल की प्रगति के लिए अरदास की गई। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान कृपाल सिंह बैंस ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए खासकर छोटे बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए क्लास रूम को नए सिरे से डिजाइन किया गया है और स्कूल भवन को भी नया रुप दिया गया है। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य गुरविंदर सिंह हैप्पी, तेज सिंह, प्रगट सिंह, प्रिंसिपल अनीश सहगल आदि थे।

### 12 को कार्यभार संभालेंगे सैन समाज के अध्यक्ष

**हिसार।** जिला सैन सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश सेलपाड़ 12 अप्रैल को ऋषि नगर स्थित सैन धर्मशाला में औपचारिक रूप से प्रधान पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पुरानी कार्यकारिणी द्वारा अपने कार्यकाल का विस्तृत लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। शुक्रवार शाम को आयोजित सैन समाज की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें सबसे प्रमुख निर्णय हिसार की सैन धर्मशाला को आधुनिक छात्रावास एवं रिहायशी धर्मशाला के रूप में विकसित करना है। इसके तहत समाज के विद्यार्थियों को रहने, पढ़ाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### ओलावृष्टि से नुकसान की तुरंत भरपाई करे सरकार

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि हाल ही में बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की अविलंब भरपाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में तनिक भी देरी किए बिना धरती पुत्रों को राहत देनी चाहिए क्योंकि इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के चलते उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अधिक खराब होती जा रही है। दलबीर किरमारा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है।

## जन शिकायतों के समाधान में देरी करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

# लंबित समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में करने के निर्देश

**समाधान शिविर प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में अनावश्यक देरी व लापरवाही पर सख्त दिखे डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बिल्कुल भी सहन नहीं की जाएगी और जो अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण में बेवजह देरी करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह बातें डीसी राहुल नरवाल ने जिला सचिवालय परिसर में समाधान शिविर प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में उन्होंने समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में अधिक संख्या में शिकायतें लंबित हैं, वे सभी मामलों का निपटान एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक गुरुवार को सायं 3 से 5 बजे तक समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट तैयार कर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



हांसी। समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल नरवाल।

**स्व-गणना का कार्य 16 से**

इस अवसर पर डीसी ने आगामी जनगणना कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें नागरिक घर बैठे डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया जा रहा है, इसलिए सभी नागरिक इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें। जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिले में 969 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**22 महीनों में 3919 शिकायतों का समाधान**



**हिसार।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान जून 2024 से अब तक जिला हिसार में कुल 5 हजार 945 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3 हजार 919 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1549 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 206 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। 260 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुन: खोली गई है जबकि 16 शिकायतें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं। शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मत्स्य पालन विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश की अध्यक्षता में आयोजित वीसी के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र और समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उपायुक्त ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की साप्ताहिक समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, नगराधीश हरिराम, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता: गंगवा



हिसार। नागरिकों की समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अपने निवास पर नागरिकों समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सुशासन और जनसेवा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करते हुए लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को हिसार स्थित अपने निवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें रखी।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास, आधुनिक आधारभूत संरचना, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था और बेहतर जनसेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सरकार की जनसेवा की भावना को धरातल पर उतारते हुए कार्य करें।

### हिसार से अमृतसर तक रेल विस्तार के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार और आसपास के क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए अमृतसर तक रेल विस्तार के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने हिसार से लुधियाना जाने वाली ट्रेन का विस्तार अमृतसर तक करने की मांग करते हुए कहा कि हिसार से लुधियाना के लिए वर्तमान में कई ट्रेनें (संख्या 54603, 54605, 54633, 54365 और 54631) संचालित हो रही हैं। क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने उनसे मुलाकात कर इन ट्रेनों में से किसी एक का मार्ग अमृतसर तक बढ़ाने की मांग की है। वर्तमान में इस रूट पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी यात्रा करते हैं, जिन्हें सीधी ट्रेन न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि जनता की भावनाओं और सुविधा को देखते हुए इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। यदि लुधियाना तक जाने वाली इन पैसेंजर ट्रेनों में से किसी एक को अमृतसर तक बढ़ा दिया जाता है, तो इससे न केवल हिसार बल्कि पूरे पश्चिमी हरियाणा के लोगों को स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) दर्शन व अन्य ऐतिहासिक स्थलों के लिए अतिरिक्त कनेक्टिविटी मिल सकेगी।



आदमपुर। तहसील में ज्ञापन देते किसान सभा के सदस्य।

## किसान सभा ने तहसीलदार को दिया मांगों का ज्ञापन

- बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के लिए 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

पिछले तीन दिन से लगातार रुक-रुककर बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं के कारण आदमपुर तहसील के गावों में गेहूं, सरसों व चना फसल में भारी नुकसान हुआ है। अब भी मौसम लगातार खराब चल रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी आदमपुर के सचिव सतबीर सिंह घायल ने बताया कि आज तहसील कमेटी के सदस्यों ने तहसीलदार को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ बारिश से गेहूं, सरसों व चना की फसल मे भारी नुकसान हुआ है। इसलिए तहसील प्रशासन स्पेशल गिरदावरी करवा कर प्रति एकड़ 50 हजार मुआवजा दे, खराबा दर्ज करवाने के लिए पोर्टल को खोला जाए, बकाया मुआवजा तुरंत जारी जाए।

किसान नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार मुआवजा व बीमा देने मे आनाकानी करती है तो किसानों के पास आंदोलन के अलावा कोई चारा नहीं होगा। इस मौके पर तहसील कोषाध्यक्ष रघुबीर सिंह मंडेरणा, उपाध्यक्ष मागेराम गोदारा, गुलाब पूनिया, पंकज बगला, दिनेश सहारण, सुरेश काकड़, राजेन्द्र सहारण, भवरद्धिन, सुबे सिंह जागड़ा, रघुवीर पूनिया, विनोद व केसरा राम सैनी उपस्थित रहे।

### नशीले पदार्थ समेत एक आरोपी को दबोचा

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ की टीम ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद के सुभाष नगर के सोनू के रूप में हुई है। आरोपी स्कूटी की तलाशी में 2 किलो 260 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा व स्कूटी को कब्जे में लेकर थाना नारनौंद में मामला दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना पाकर राजथल-बागनवाला रोड पर गांव राजथल में नहर पुल के पास नाकाबंदी कर दी। कुछ समय बाद एक युवक सफेद रंग की स्कूटी पर आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपित युवक ने अपना नाम सोनू बताया। संदेह के आधार पर उसकी स्कूटी की तलाशी ली तो उसके पास से 2 किलो 260 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर नगर निगम ने काटे 17 लोगों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी के तहत स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसआई कपिल और एएसआई प्रवीण ने आजाद नगर स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास सात रेहड़ी संचालकों के खिलाफ डस्टबिन का उपयोग न करने और कचरे का सेग्रीगेशन न करने पर चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार और एएसआई रोहित ने पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में दो दुकानदारों पर कचरा अलग-अलग न करने के कारण चालान किया। विजय नगर में एक दुकानदार को खुले में कचरा फेंकने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इसके अलावा, एएसआई सरोज ने ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में एक दुकानदार और एएसआई सन्नी ने अर्बन एस्टेट में एक अन्य दुकानदार के खिलाफ कचरा सेग्रीगेशन न करने पर चालान किया। एएसआई विजेता ने सेक्टर-14 में एक व्यक्ति को खुले में कचरा डालने पर 5 हजार रुपये का चालान किया, साथ ही रेड स्क्वेयर मार्केट में भी एक दुकानदार के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के प्रति जागरूक भी किया।



हिसार। चालान काटती निगम की टीम।

### प्लाट से एल्यूमीनियम प्लेट चुराता युवक धरा

**हांसी।** बजरंग आश्रम के समक्ष स्थित एक निजी अस्पताल के साथ खाली प्लाट से दिनदहाड़े सामान चोरीकरते एक युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सामान चोरी करते पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर शहर थाना ले गई। जहां पकड़े युवक से पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हांसी की रूप नगर कॉलोनी निवासी मोहनलाल के रूप में हुई है। अस्पताल प्रशासन से जानकारी के अनुसार उनके अस्पताल के साथ खाली प्लाट में एल्युमिनियम प्लेट और तारों के बंडल रखे थे और शुक्रवार को एक व्यक्ति प्लाट में रखे तारों के बंडल चोरी कर रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने अस्पताल स्टाफ को सूचना दी। जिसके बाद स्टाफ सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। अस्पताल मालिक ने बताया कि उनके यहां पहले भी कई बार चोरी हो चुकी हैं।

**नवनियुक्त एसपी ने संभाला कार्यभार**

## टीम भावना और पारदर्शिता के साथ काम करें सभी अधिकारी-कर्मचारी: सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखा प्रभारियों के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सभी शाखा प्रभारियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया तथा उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का कुशल-क्षेम जाना और कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को टीम भावना से कार्य करने तथा पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।



### सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो पोस्ट की, गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हथियारों का प्रदर्शन कर आम युवाओं में गलत संदेश फैलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक इंस्टाग्राम आईडी पर हथियारों के साथ वीडियो एवं फोटो पोस्ट किए जा रहे थे। इस संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर साइबर सेल की सहायता से जांच की गई, जिसमें उक्त आईडी का उपयोगकर्ता बरवाला निवासी वकील मिला गया, जो आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया। बरवाला पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन दो बार जयपुर में प्राप्त हुई, जहां पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई, परंतु आरोपी हर बार चकमा देकर फरार हो गया। इसी के चलते पुलिस को पता चला कि आरोपी वकील बरवाला क्षेत्र में अपने किसी रिश्तेदार से मिलने आने वाला है। सूचना के आधार पर विशेष रेडिंग टीम का गठन किया गया और योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से काबू कर गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में आर्म्स एक्ट के दो मुकदमे तथा एक लड़ाई-झगड़े का मामला दर्ज है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**खबर संक्षेप**



### गंगवा में बॉक्सिंग खेल नर्सरी के ट्रायल में 115 खिलाड़ियों ने लिया भाग, 25 का हुआ चयन

**हिसार।** ग्राम पंचायत गंगवा की ओर से बॉक्सिंग खेल नर्सरी (मिक्स ट्रायल) का आयोजन लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी में किया गया।। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच भगवान दास, समाजसेवी जयप्रकाश, बॉक्सिंग कोच सतीश कुमार जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी अच्छी भागीदारी देखने को मिली। ट्रायल में कुल 115 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट लिया गया, जिसके माध्यम से उनकी फिटनेस, पावर और खेल उपलब्धियों का आंकलन किया गया। प्रदर्शन के आधार पर ग्राम पंचायत गंगवा की ओर से 25 लडके एवं लड़कियों का चयन किया गया, जबकि 10 खिलाडियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया।



### सांसद कुमारी सैलजा से मिली इंटर यूनिवर्सिटी पावरलिफ्टिंग की गोल्ड मेडलिस्ट कोमल

**हिसार।** कुलाना की बेटी कोमल माहर ने इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा में लगातार दो मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को कोमल डाबड़ा चौक स्थित सांसद कुमारी सैलजा से मिलीं। इस अवसर पर सांसद ने कोमल को मेडल जीतने और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर बधाई दी देते हुए उनसे खेल की बारीकियों के बारे में जानकारी ली और खेल में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। बता दें कि इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में लगातार गोल्ड मेडलिस्ट रहते हुए कोमल ने 52 किलो और 57 किलो भार वर्ग में जूनियर व सीनियर दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। कोमल ने 211 किलो डेडलिफ्ट के साथ विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। इसके अलावा 526 किलो कुल वजन उठाकर एशिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, एडवोकेट बजरंग इंदल, जगदीश बिश्नोई, सम्मत राम माहर आदि भी थे।



### भूमि आश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाया जन्मदिन

**हिसार।** सर्वेश हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. उमेश कालड़ा ने भूमि आश्रम में रहने वाले लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। उनके साथ परिवार के अलावा हॉस्पिटल की टीम भी थी। उन्होंने विशेष रूप से अपने ही अस्पताल की कैंटीन से भोजन तैयार करवाकर आश्रम के बुजुर्गों को खिलाया। डॉ. कालड़ा ने कहा कि उन्हें भूमि आश्रम में आकर और यहां के बुजुर्गों के साथ समय बिताकर सच्ची खुशी मिलती है। भूमि आश्रम के संचालक मुकेश कुमार ने डॉ. कालड़ा को आश्रम की ओर से शुभकामनाएं दीं।



### वेदा अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेवाएं शुरू

**हिसार।** सेक्टर 16-17 में स्थित वेदा अस्पताल में गुरुवार को कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक नई और जनकल्याणकारी शुरुआत हुई है। वेदा अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह विभाग जय लाल मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित है। इस पहल के तहत वेदा अस्पताल में रेडियो थैरेपी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी। केवल कंज्युमेबल का खर्चा ही लिया जाएगा। कार्यक्रम में जय लाल मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गावर कंस्ट्रक्शनस के सीए मुरारी गर्ग, सीईओए योगेश महाजन और रजत गर्ग ने ईश वंदना कर विभाग का शुभारंभ किया। वेदा अस्पताल की ओर से सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रमेश कस्वां, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शुभम मित्तल, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अनुज गोयल, सीओओ नमन जैन, डॉ. रिपन कामरा और डॉ. अंकिता शर्मा, मुरारी लाल बंसल, पुष्पेन्द्र, सौरव भाकर और अस्पताल के अन्य प्रशासनिक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रमेश कस्वां ने बताया कि भारत में 20 फीसद कैंसर के मरीज केवल अत्यधिक खर्च और आर्थिक तंगी के कारण कैंसर का इलाज (मुख्य रूप से रेडियो थैरेपी) बीच में ही छोड़ देते हैं। इस यूनिट के शुरू होने से अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज भी बिना किसी वित्तीय बोझ के विश्वस्तरीय रेडिएशन थैरेपी का लाभ उठा सकेंगे।



### नपा टीम ने हटाए कब्जे, मीट की दुकानें सील

**नारनौंद।** नगर पालिका प्रशासन ने अवैध कब्जों के खिलाफ दूसरे दिन भी कार्रवाई की। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी नगर पालिका की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में पीला पंजा चलाकर अवैध कब्जे हटाए। इस दौरान अवैध तरीके से चलाई जा रही दो मीट की दुकानों को भी सील किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ रणबीर मलिक को नियुक्त किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका की तरफ से जिन लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए थे। नोटिस के बाद भी किसी ने अवैध कब्जों को नहीं हटाया। शुक्रवार को नगर पालिका की तरफ से नपा सचिव प्रदीप कुमार, एमई जयवीर सिंह, जेई विजय शर्मा, जेई प्रवीण कुमार, विजय दरोगा जेसीबी लेकर पहुंचे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। वार्ड 16 में सड़क के कुछ हिस्से में चारदीवारी बनाकर अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ था, उसको तोड़ा गया। फिर वार्ड तीन में घरों के आगे चबूतरे को भी तोड़ दिया गया। वार्ड 11 में अवैध रूप से बनाई गई मीट की दुकानों को भी सील किया गया। नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि जिन लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए थे उन कब्जों को हटा दिया गया है। शहर में जिन भी लोगों को नोटिस दिए गए हैं। वह तुरंत प्रभाव से खुद ही अपने अवैध कब्ज को हटा ले अन्यथा जेसीबी से अवैध कब्जा को हटाया जएगा।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी देने पर एक काबू

**बरवाला।** पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव बोबुआ निवासी अंकुश के रूप में हुई है। बोबुआ निवासी अशोक कुमार ने शिकायत दी थी कि 1 अप्रैल को वह अपने दोस्त विकास के साथ मोटरसाइकिल पर अपनी बहन को लेने जा रहा था। जब वह श्मशान भूमि गैबीपुर के पास पहुंचा तो गांव का ही अंकुश अपने साथियों मनोज, अभिषेक व सुखदेव के साथ बाइकों पर आया और उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने शिकायतकर्ता पर बीयर की बोतल से हमला किया तथा लात-घूंसों से मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद शिकायतकर्ता को उसके दोस्त ने उसे सीएचसी बरवाला पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए मुख्य आरोपी अंकुश को गिरफ्तार करके उससे वारदात में प्रयुक्त लठ बरामद किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।